प्रारूप.–

# NOTE FOR JUSTIFICATION

**कार्य का नाम :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड भिलंगना में बाल गंगा नदी एवं भिलगना नदी के संगम पर बाल गंगा महाविद्यालय को जोडने हेतु स्टील गर्डर सेतु एवं एप्रोच मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव (लम्बाई– 5.00 कि0मी0 + 100.00 मी0 स्पान सेतु)**

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्राम–बौंर एंव सेन्दुल से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी लगभग 2200 है। यह मार्ग गडोलिया–घनसाली मोटर मार्ग के कि0मी0–15 से प्रारम्भ तथा राज्य मार्ग संख्या– 15 के कि0मी0–97.00 पर समाप्त होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से केमर, फैगुल, आरगढ, बासर एंव थाती पटटी के ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। मोटर मार्ग के निर्माण होने से यह मोटर मार्ग बाईपास के रूप में भी कार्य करेगा एवं क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा तथा घनसाली में चारधाम यात्रा के सीजन में लगने वाले ट्रेफिक जाम से भी काफी हद तक निजात मिल सकेगी।

दोनो समरेखण आरक्षित वन भमि से होकर गुजर रहे है प्रथम संमरेखण को चयनित करने का कारण यह है कि द्वितीय समरेखण के सापेक्ष प्रथम संमरेखण में वन भूमि कि लंबाई कम पड रही है साथ ही आरक्षित वन भूमि में मोटर मार्ग के निर्माण का कारण यह भी है कि मोटर मार्ग के निर्माण के फल स्वरूप वन विभाग के कर्मचारियों को भी वनों की सुरक्षा हेतू कोई कठिनाई नहीं होगी अन्य वैकल्पिक भूमि न होने के कारण समरेखण आरक्षित वन भूमि से होकर गुजरता है। समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान, मन्दिर, मस्जिद एंव कब्रिस्तान का भाग नही पडता है।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 1.550 कि0मी0 है तथा मार्ग की चौडाई 7.00 मी0 ली गई है। मार्ग के निर्माण में **1.085 हे0** आरक्षित वन भूमि, **0.000 हे0** सिविल भूमि एंव **0.000 हे0** नाप भूमि प्रभावित होती है।

**समरेखण :–** इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में गडोलिया–घनसाली मोटर मार्ग के कि0मी0–15 से प्रारम्भ तथा राज्य मार्ग संख्या– 15 के कि0मी0–97.00 पर समाप्त होता है। मार्ग की लम्बाई 1.50 कि0मी0 है तथा निर्माण की लागत भी कम है। इस समरेखण में 03 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है। समरेखण की सम्पूर्ण लम्बाई आरक्षित वन क्षेत्र से होकर गुजर रहा हैं साथ ही तकनीकी दृष्टि एवं मानको के अनुसार मोटर मार्ग का ग्रेड भी रखा गया है जिससे मोटर मार्ग के निर्माण से अधिकाधिक आबादी भी लाभान्वित होगी इसके अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई भी कम आती है साथ ही इस समरेरखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि में सहमत है।

कनिष्ठ अभियन्ता,
अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली

सहायक अभिन्ता,
अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली

अधिशासी अभियन्ता,
अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली

प्रभागीय वनाधिकारी
टिहरी वन प्रभाग
नई टिहरी

Scanned with CamScanner